भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1287**

सोमवार, **25** नवम्बर, 2019/**04** अग्रहायण, 1941 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन उद्योग का संरक्षण

1287. डॉ॰ रमापति राम त्रिपाठीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पर्यटन उद्योग को विगत अनेक वर्षों के दौरान मानसून के पश्चात् अथवा आतंकवादी हमलों/घटनाओं के कारण कुछ बीमारियों अथवा महामारियों अथवा प्राकृतिक आपदाओं के फैलने के कारण प्रति वर्ष भारी हानि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है अथवा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार ने देश में पर्यटन उद्योग के संरक्षण और इसे बढ़ावा देने के लिए एक योजना तैयार की है अथवा करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख) : जी, नहीं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में पर्यटन के माध्यम से अनुमानित विदेशी मुद्रा आय (एफईई) में वृद्धि हुई है। वर्ष **2014, 2015, 2016, 2017** और **2018** में अनुमानित एफईई (करोड़ रुपए में) निम्नानुसार है:-

वर्ष	एफईई (करोड़ रु. में)
2014	**1,20,367**
2015	**1,34,844**
2016	**1,54,146**
2017	**1,77,874**
2018	**1,94,881**

(ग) और (घ) : पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की अपनी योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना और

सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/ केंद्रीय एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय भारत का संवर्धन एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में करता है और देश के विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए अतुल्य भारत ब्रांडलाइन के तहत चल रहे अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में वार्षिक रूप से घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से भी संवर्धन का कार्य किया जाता है।

****